महत्वपूर्ण एवं खास

सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

आरोपी को हत्या के प्रयास में भेजे गये ज्यूडिश्यल रिमांड पर

राजनांदगांव (आरएनएस)। आपसी विवाद पर जान मारने की नीयत से एक युवक पर सर्जिकल ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला डोंगरगांव थानाक्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 03.11.2024 को प्रार्थी भागवत निषाद पिता समारू निषाद, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम रातापायली के द्वारा डोंगरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके बेटे के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर सर्जिकल ब्लेड से हमला किया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव मे आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रीतेश निषाद पिता धनसा निषाद, उम्र- 22 साल, जाति केंवट निवासी स्कुल पारा रातापायली, जिला राजनांदगांव,छग को गिरफ्तार कर ज्यूडिश्यल रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के अन्य दो आरोपी फरार है जिनकी पतासाजी की जा रही है।

तेरापंथ धर्मस्थल, गुवाहाटी में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए राज्यपाल रमेन डेका

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल रमेन डेका गत दिवस असम प्रवास के दौरान तेरापंथ धर्मस्थल, गुवाहाटी में युगप्रधान आचार्य महाश्रमणजी के विद्वान सुशिष्य मुनि प्रशांत कुमारजी एवं मुनि कुमुद कुमारजी के पावन सान्निध्य में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अध्यात्म का महत्त्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।

धान खरीदी के पूर्व गोदाम में आग लगी, बारदाना जलकर खाक हुआ

जगदलपुर (आरएनएस)। पूरे प्रदेश के साथ जिले में 14 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी से पहले बड़ा हादसा हो गया है. जगदलपुर से सटी अड़ावाल इलाके में देर रात बारदाने के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे गोदाम में रखा सारा बारदाना जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार, बोधघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बारदाना गोदाम में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की. काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह गोदाम के पास पटाखे जलाना बताया जा रहा है. पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है.

लाखों रुपए का माल लेकर ट्रक चालक फरार

रायपुर (आरएनएस)। राम रोलिंग मील यूनिट 3 भनपुरी से लाखों रुपए का माल लेकर निकला ट्रक आज तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचा। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत का ख्यानत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार उपाध्याय 37 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि श्रीराम रोलिंग मील यूनिट 3 से ट्रक क्रमांक जीजे 12 सीटी 7776 के चालक ने 24.85 टन माल लेकर महाराष्ट्र के लिए रवाना हुआ। जो आज तक अपने माल को गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचा। आरोपी ट्रक चालक उमर ओडेजा 13 लाख 70 हजार 301 रुपए का माल लेकर फरार हो गया। मामले में खमतराई पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

बस्तर ओलंपिक ने वनांचल के युवाओं को दिया नया मंच, खेलों में बढ़ा उत्साह

❑ कबड्डी के विजेताओं ने बस्तर ओलंपिक के लिए जताया मुख्यमंत्री साय का आभार

रायपुर | आरएनएस

जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक-2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोडऩे का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

नारायणपुर जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाडिय़ों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक, फिर 19 से 21 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर के खिलाडिय़ों को भाग लेने को मौका मिलेगा।

नारायणपुर में हुए आयोजन में बोरावण्ड गांव से आए युवाओं ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेकर अत्यधिक आनंद मिल रहा है। खिलाडिय़ों ने बताया कि यहां उन्हें ठहरने, भोजन, पेयजल और ड्रेस जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोरावण्ड के खिलाड़ी जयसिंह, रजनु यादव, अमर सिंह मंडावी, सियालाल नाग और उनके साथी बस्तर ओलंपिक में अपने खेल को निखारने के इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ के सुदूर पहुंचविहीन गांव के प्रतिभावान युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए यह उनकी सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि कबड्डी पुरुष वर्ग में उनकी टीम ने विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें ट्रॉफी, मेडल और टीम को ड्रेस प्रदान किया गया। जिला स्तर के आगामी आयोजन के लिए उनकी टीम अत्यधिक उत्साहित है और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है। इस क्षेत्र में माओवादी घटनाओं में कमी आई है और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। अबूझमाड़ के संवेदनशील इलाकों में सडक़, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और उप-स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं। ईरकभट्टी, मसपुर और गारपा जैसे दूरस्थ गांवों तक अब पक्की सडक़ें बन चुकी हैं, जिससे इन गांवों के निवासियों को शहरों और बाजारों से जोडऩे में आसानी हो रही है। नारायणपुर से गारपा और मसपुर तक बस सेवाओं की शुरुआत भी इस क्षेत्र के विकास में एक अहम कदम है, जिससे लोगों को यातायात में सहूलियत मिल रही है। मुख्यमंत्री साय के कुशल नेतृत्व और विकासोन्मुख नीतियों का सकारात्मक असर अबूझमाड़ के जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुरक्षा में वृद्धि, सडक़ संपर्क, और विभिन्न सुविधाओं की उपलब्धता ने यहां के निवासियों को राजधानी और अन्य शहरी क्षेत्रों से जोडऩे का कार्य किया है। अबूझमाड़ के लोग अब अपने गांवों में रहते हुए भी बेहतर अवसर प्राप्त कर रहे हैं और विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय का मानना है कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को खेल के माध्यम से एक मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उनके नेतृत्व में बस्तर संभाग में खेल प्रतिभा के विकास और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री साय आज छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का करेंगे विमोचन

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 मंजूर की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत सरकार के विजन 2047 की परिकल्पना को साकार करने तथा राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रावधान किए हैं। राज्य के प्रशिक्षित व्यक्तियों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए उद्योगों हेतु प्रति व्यक्ति 15 हजार रूपए की प्रशिक्षण वृत्ति प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक के लिए होगी।

नई औद्योगिक नीति में निवेश प्रोत्साहन में ब्याज अनुदान, लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क छूट. मूल्य संवर्धित कर प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। नई नीति में मंडी शुल्क छूट, दिव्यांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान, पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अनुदान, परिवहन अनुदान, नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर की प्रतिपूर्ति के भी प्रावधान किये गये हैं।

इस नीति में राज्य के युवाओं के लिये रोजगार सृजन को लक्ष्य में रखकर एक हजार से अधिक स्थानीय रोजगार सृजन के आधार पर बी-स्पोक पैकेज विशिष्ट क्षेत्र के उद्योगों के लिये प्रावधानित है। राज्य के निवासियों विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, सेवानिवृत्त अग्निवीर सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों, जिनमें पैरामिलिट्री भी शामिल है, को नई औद्योगिक नीति के तहत अधिक प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान है। नक्सल प्रभावित लोगों, कमजोर वर्ग, तृतीय लिंग के उद्यमियों के लिए नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत विशेष प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है। नई औद्योगिक नीति में पहली बार सेवा क्षेत्र अंतर्गत एमएसएमई सेवा उद्यम एवं वृहद सेवा उद्यमों के लिये पृथक-पृथक प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

इस नीति में फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाईल, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण तथा गैर काष्ठ वनोत्पाद (एनटीएफपी) प्रसंस्करण, कम्प्रेस्ड बॉयो गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस (ए.आई), रोबोटिक्स एण्ड कम्प्यूटिंग (जी.पी.यू), आई.टी., आई.टी.ई.एस., डेटा सेंटर, जल विद्युत परियोजनाओं, सौर ऊर्जा परियोजनाओं आदि के लिए आकर्षक पृथक औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान है। राज्य के कोरबा-बिलासपुर-रायपुर को देश के औद्योगिक मानचित्र में स्थान दिलाने के लिये इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर की स्थापना का प्रावधान है।

सड़क पर बैठे बछड़े को कुचलने वाला वाहन चालक गिरफ्तार

कवर्धा (आरएनएस)। जिले के सहसपुर लोहारा में पिछले दिनों लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सडक़ पर बैठे बछड़े को कुचलने के आरोप में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को ङ्क्षगरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि दिनांक 08 नवंबर को थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र अंतर्गत उडिया कला स्थित राधा रघुराज पेट्रोल पंप के पास वाहन क्रमांक सीजी-13-एएफ 1313 के चालक असीम रजा उर्फ अबरार रजा, पिता स्व. अजीज रजा, उम्र 27 वर्ष, निवासी भिंभौरी ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक बछड़े के ऊपर जान-बूझकर वाहन चढ़ाकर उसे कुचल दिया था जिससे बछड़े की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना सहसपुर लोहारा में आरोपी के खिलाफ धारा 281, 325, बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4/10, पशुओं के प्रति कूररता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(2), एवं मोटर वाहन अधिनियम की धारा 130(1)/177 को भी प्रकरण में जोड़ा गया। मामले में सहसपुर लोहारा की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी असीम रजा उर्फ अबरार रजा को गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय गौरव दिवस पर 15 को वर्चुअली छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में होंगे शामिल

❑ राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित है राज्य स्तरीय कार्यक्रम

❑ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

❑ आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

रायपुर (आरएनएस)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती-जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में 14 और 15 नवंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मौके पर जमुई बिहार से छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से जुड़ेगे। मोदी इस इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत् लाभान्वित हितग्राहीयों कि चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 15 नवंबर को दोपहर 10.30 बजे से शुरू हो रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विधायकगण सर्व राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, और इन्द्रकुमार साहू सहित सभी सांसदगण, विधायकगण, निगम मण्डल एवं आयोग तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे।

शादी का झांसा देकर नाबालिक को भगा ले जाने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

राजनांदगांव | आरएनएस

जिले की थाना गैंदाटोला पुलिस ने नाबालिक पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है तथा नाबालिग को सकुशल बरामद किया है।

मिली जाानकारी के अनुसार प्रार्थी ने दिनांक 28.08.2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक लडक़ी को कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसला कर अपने साथ भागा कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना गैंदाटोला द्वारा पूर्व में धारा - 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अपहृता व अज्ञात आरोपी का पतासाजी एवं विवेचना की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत प्रकरण के अपहृता व अज्ञात आरोपी का पातासाजी करने एवं अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया था। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मुकेश ठाकुर, राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में एवं सायबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल व सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ सिन्हा के नेतृत्व में थाना गेंदाटोला पुलिस के द्वारा अपहृता को आरोपी शिवाराम पटेल पिता रमेश पटेल उम्र 26 निवासी ग्राम मिनमिनिया थाना बोड़ला जिला कबीरधाम (छग) के कब्जे से उरली कंचन पुणे, महाराष्ट्र से दिनांक 11/11/2024 को बरामद कर परिजन के साथ थाना लाया गया था। नाबालिग अपहृता का महिला पुलिस अधिकारी एवं न्यायालय से कथन एवं डाक्टर से डॉक्टरी परीक्षण कराया गया जिसके बाद मामले में आरोपी द्वारा धारा 64 (2)(ड), 69, 87 बीएनएस एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाए जाने पर मामले में उक्त धाराएं जोडक़र तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी में मामले में आरोपी भेजा गया जेल

बलौदाबाजार | आरएनएस

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा बलौदाबाजार नगर निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

बता दें कि भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन के अनुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया पर बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी विडियो अपलोड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। ऑनलाइन साइट अथवा माध्यमों से किसी भी प्रकार से बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफी वीडियो/फोटो अपलोड करना कानूनन अपराध है।

इस प्रकार के कृत्य में भारत सरकार गृह मंत्रालय केएनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन के अनुसार संबंधित आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्रमांक 20/2024 धारा 67(ए),67 (बी) आईटी एक्ट का भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसीआरबी शाखा नई दिल्ली द्वारा प्रेषित सायबर टीपलाईन विषयक में उचित कार्यवाही हेतु सायबर टीप लाईन विषयक के संदेही का दिनांक घटना समय 21.02.2022 के 12.22 बजे आईटीसी का लॉगिन आई.पी. एड्रेस दिया गया। उक्त आई.पी. का सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया, जिसमे लॉगिन आई.पी. का टावर लोकेशन घटना दिनांक व समय में संदेही मोबाईल के धारक का थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में होना बताया गया है।

जिस पर थाना सिटी कोतवाली द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना में सोशल मीडिया में महिला/बच्चों से संबंधित पोर्न विडियों को अपलोड करने वाले आरोपी के आईपी एड्रेस से पता करने पर आरोपी के मोबाईल नंबर 96303 21084 के द्वारा विडियो अपलोड करना पता चलने पर आरोपी मोबाईल धारक महेंद्र कुमार साहू को आज दिनांक 13.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने16 बदमाशों का नाम लाया गया गैंग हिस्ट्रीशीट में

बलौदाबाजार | आरएनएस

ऑपरेशन विश्वास के तहत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा, शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त लोगों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में विभिन्न अपराधों में लिप्त व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखते हुए उन पर कडी कार्यवाही भी लगातार जारी है। इसी क्रम में बदमाशों की अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं उन पर सतत निगाह रखने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 16 बदमाशों के नाम गैंग हिस्ट्रीशीट में लाया गया है, जिसमें से 11 बदमाशों द्वारा थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत एवं 05 बदमाशों द्वारा थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत यह सभी बदमाश 2020 से अपराधिक गतिविधि में सम्मिलित हुए हैं तथा आम लोगों को चाकू दिखाकर डराना धमकाना, लूटपाट करना, गाली गलौज, मारपीट करना, गुंडागर्दी करना, अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करना एवं हत्या जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं। साथ ही थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत सभी 05 बदमाश वर्ष 2023 से अपराधी गतिविधि में सम्मिलित हुए हैं तथा गांव-गांव जाकर सुने मकान में चोरी एवं नकबजनी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहे हैं।

उक्त 16 बदमाशों के विरुद्ध पुलिस द्वारा पूर्व में भी की गई कार्रवाई के बावजूद भी उनमें किसी प्रकार का सुधार नहीं आ रहा है। बदमाशों के कृत्य से समाज में भय व्याप्त है। उक्त बदमाशों के डर से वार्डवासी एवं अन्य कई लोग रिपोर्ट लिखाने से भी डरते हैं। उक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए इन सभी बदमाशों के नाम गैंग हिस्ट्रीशीट में लाया गया है। विदित हो कि बदमाशों के अपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने हेतु गैंग हिस्ट्रीशीट खोले जाने की जिले में यह पहली कार्रवाई है।

थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत गैंग हिस्ट्रीशीट के तहत लाए गए बदमाशों के नाम- 1. राहुल साहू निवासी लवन

2. चंद्रशेखर साहू उफर् शेखर, लवन

3. भुवन साहू निवासी लवन

4. तुषाल उर्फ सोनू साहू निवासी वार्ड लवन

5. देवेंद्र साहू निवासी तनौद थाना शिवरीनारायण 6. पवन कुर्रे निवासी लवन 7. रोशन मानिकपुरी निवासी लवन 8. उत्तम मानिकपुरी निवासी लवन

9. शुभम साहू निवासी इंदिरा कॉलोनी लवन 10. राजेश धींवर उर्फ चोंटी निवासी लवन 11. साहिल धींवर निवासी लवन

थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत गैंग हिस्ट्रीशीट के तहत लाए गए बदमाशों के नाम

1. अजय मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम टेमरी थाना कसडोल

2. आकाश चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल

3. दुष्यंत कुमार मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल

4. ताम्रध्वज पैकरा 19 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल

5. रोशन कर्ष उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खरहा थाना कसडोल

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU